वर्ष-01, अंक- 181
छपरा
शनिवार 4 मई 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# पीएम मोदी दरभंगा आएं तो एम्स जरूर जाएं

### तेजस्वी का प्रधानमंत्री पर तंज, कहा- बेरोजगारी और महंगाई पर नहीं बोलते बीजेपी के लोग

**दरभंगा,एजेन्सी।** पीएम मोदी के दरभंगा दौरे से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सियासी वार किया है। तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को चुनावी प्रचार में निकलने से पहले दरभंगा में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा आ रहे हैं। उनके हिसाब से तो दरभंगा एम्स बन चुका है। तो कल वे एम्स का मुआयना करेंगे कि कितना बढ़िया अस्पताल चल रहा है। सबका इलाज हो रहा है की नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि लगातार 10 साल नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री रहे हैं। इन्होंने केवल लोगों को ठगने का काम किया है। केवल झूठ बोला है। तेजस्वी ने कहा कि पीएम मोदी का बेरोजगारी और महंगाई पर ध्यान नहीं है।

**महंगाई –बेरोजगारी पर पीएम मोदी का ध्यान नही :** तेजस्वी यादव ने हमारी 17 महीने की सरकार में हम लोगों ने एम्स के लिए नई जमीन दी। साथ ही डीएमसीएच के विस्तार का फैसला लिया। ताकि 2500 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल हो जाए, ठीक उसी तर्ज पर जैसे पीएमसीएच बन रहा है। जब हम स्वास्थ्य मंत्री थे। उसी वक्त हमलोगों ने निर्णय लिया था। तेजस्वी ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट का टर्मिनल अभी तक ढंग से बनकर तैयार नहीं हुआ है। प्लेन आ रही है, लेकिन टिकट की कीमतें पूरे देश में सबसे महंगी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बोलते थे कि हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई सफर करेंगे। लेकिन टिकट की कीमत देखने से लगता है कि हवाई चप्पल वाले क्या, उच्च मध्य परिवार के लोग भी टिकटों की कीमत से परेशान हैं। महंगाई, बेरोजगारी पर सरकार का ध्यान नहीं है। अब प्रधानमंत्री मुद्दे की बात नहीं करेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यहां भी आकर के प्रधानमंत्री मंदिर-मस्जिद हिंदू-मुस्लिम के बारे में ही बात करेंगे।



**चिराग पासवान को रिमाइंड कराया**

वही तेजस्वी यादव ने कहा कि इस बात को हमने चिराग पासवान को रिमाइंड कराया है की संविधान में जो प्रावधान है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का। उन्होंने जो आरक्षण दिया है। आप उसके विरोध में बात कर रहे हैं। बीजेपी के नेता कई बार मंच पर उनके उम्मीदवार हो, एमपी हो, चाहे बिहार में कह चुके है। हमने तो वीडियो भी डाला था। जो गया में इनके लोग बोल रहे थे। संविधान को खत्म कर देंगे यह लोग तो कर ही रहे हैं।

**इन लोगों की हालत खराब है :**बिहार के दरभंगा प्रवास के दौरान बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि इन लोगों की हालत खराब है। हम और मुकेश सहनी महागठबंधन के पक्ष में घूम रहे हैं। उधर से कभी राजनाथ सिंह, कभी नड्डा जी, कभी अमित शाह आ रहे हैं। तो कभी प्रधानमंत्री आ रहे हैं। यानी उनके जो स्थानीय व एलाइंस के नेता है, सभी बेकार है। उन लोगों से काम नहीं चल रहा है। अब हालात तो इन लोगों का भी खट्टा हो रखा है। वही उन्होंने कहा कि हम तो बोलते हैं कि प्रधानमंत्री डोनाल्ड ट्रंप, पुतिन के साथ साथ तानाशाह किंग जॉन को बुलाकर प्रचार करवा लीजिए। कुछ नही होने वाला नही है। वही उन्होंने आरक्षण के सवाल पर चिराग पासवान को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि चिराग पासवान ने कहा है पूर्व में जो संपन्न दलित है उन्हें आरक्षण छोड़ देना चाहिए। तो संपन्न दलित चिराग पासवान नहीं है क्या। समस्तीपुर से जिन्हें टिकट मिला। वह लोग संपन्न नहीं है क्या। जिनको जमुई से टिकट मिला वह संपन्न नहीं है क्या। ये बात तो हम ने नही। खुद चिराग पासवान ने कहा था।

### जब तक मोदी जिंदा है संविधान नहीं बदल सकते

## चाईबासा में पीएम बोले- आदिवासियों, दलितों और ओबीसी आरक्षण को हाथ नहीं लगा पाओगे

**चाईबासा,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे के तहत आज चाईबासा पहुंचे। यहां उन्होंने टाटा कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि अलग झारखंड किसने बनाया, अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड के लिए क्या किया है। झारखंड के विकास पर ब्रेक लगा देनी वाली कौन, कांग्रेस। कांग्रेस को ये मंजूर नहीं था कि यहां का संसाधन आपके काम आए।



पीएम मोदी ने कहा, भाजपा और झारखंड का दिल का रिश्ता है। झारखंड को, यहां के लोगों की भावनाओं को अगर कोई समझता और सुलझाता है तो वह सिर्फ भाजपा है। हमें हमेशा पता होता है कि आपके मन में क्या है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने आदिवासियों के मान सम्मान को चोट पहुंचाई है। इंडी गठबंधन किस मुंह से वोट मांग रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस-जेएमएम में लूट करने, भ्रष्टाचार करने की बहुत बड़ी रेस चल रही है। यहां कांग्रेसी सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। झारखंड को लूटने की रेस कहां तक पहुंच गई है? यह लूट का जो पैसा निकल रहा है, वह किसका है? यह आपके पैसे की लूट है।

विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए पीएम मोदी ने साथ ही कहा कि वो संविधान से खिलवाड़ नहीं करने देंगे। जब तक मोदी जिंदा है, तुम संविधान को हाथ नहीं लगा पाओगे। तुम आदिवासियों, दलितों और ओबीसी के आरक्षण को हाथ नहीं लगा पाओगे।

## पटना में एक-एक कर 6 सिलेंडर ब्लास्ट, 30 घर जले

### 25 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से 3 घंटे बाद पाया काबू

**पटना,एजेन्सी।** पटना के बांस घाट इलाके में शुक्रवार को आग लग गई। आग से 30 से ज्यादा घर जलकर राख हो गए। लोगों के घरों में रखा सामान भी जल गया। एक–एक कर 6 सिलेंडर में ब्लास्ट हुए। 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में 4 लोग झुलसे हैं। जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। आग इतनी भयावह थी कि 2 किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 25 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। मौके पर 10 से ज्यादा एंबुलेंस भी तैनात थी। आग पर काबू पाने के लिए हाईड्रोलिक भी बुलाई गई थी।



## संक्षिप्त समाचार

### सोनपुर स्टेशन से लावारिस हालत में अंग्रेजी शराब को रेल पुलिस ने किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर लावारिस हालत में 4 बिट्टू बैग में रखें अंग्रेजी शराब रॉयल स्टेट ,8 पीएम फ्रूटी पैक को पुलिस ने बरामद किया है। इस बात की जानकारी देते हुए रेल थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि प्लेटफार्म संख्या एक पर लावारिस हालत में चार पिट्ठू बैग पड़ा हुआ था ।जहां पुलिस ने उसे लावारिस हालत में पड़ा देखकर उस बैग को खोला तो उसमें 18 पीस बड़ा जबकि 188 पीस फ्रूटी पैक 8 पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया है। कुल अंग्रेजी शराब 47.340 एमएल अंग्रेजी शराब सभी रॉयल स्टेट एवं 8 पीएम फ्रूटी पैक को पुलिस ने बरामद कर ली है।

### 40 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर गिफ्तार,हजार लीटर निर्मित शराब को किया नष्ट

**दैनिक खोज खबर/ दिघवारा(सारण)।** दिघवारा थाना क्षेत्र के ईशुपुर दियारा में आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए दिघवारा पुलिस द्वारा शुक्रवार को विशेष छापामारी अभियान चलाया गया।जिसमें दियरा तरफ से मोटरसाइकिल से शराब की तस्करी करने जा एक युवक को 40 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार युवक की पहचान नवालटोला निवासी तपेश्वर राय के पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर दियारा में दो जगह पर छापामारी किया गया जहां पर करीब एक हजार लीटर देशी शराब को नष्ट किया गया।वही दो शराब की भट्टी को ध्वस्त करते हुए सौ लीटर देसी शराब को जप्त किया गया।इस दौरान दो शराब कारोबारी भागने में सफल रहे जिनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट,12 पर प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** नगर के मुख्य बाजार में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई । मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष से लिखित आवेदन के आधार पर 12 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज की है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि अमनौर के खोड़ीपाकड़ निवासी वीरन सिंह के लिखित आवेदन पर दीपक कुमार, रंजन किशोर सिंह, सूरज सिंह, छोटू सिंह व कृष्ण सिंह पर मारपीट की प्राथमिक की दर्ज की गई है।

# पत्रकारों की स्वतंत्रता होना समाज व देश हित में जरुरी

## कलम की सिपाही को कलम पर अंकुश लगाना देश के लिए खतरे की घंटी

**संजीत कुमार/दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के पत्रकारों ने नमामि गंगे घाट पर उपस्थित होकर प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार को अनुमंडल पत्रकार संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह के अध्यक्षता में पत्रकार अभय कुमार सिंह,पत्रकार संजीत कुमार,सुनील यादव ,बिपिन कुमार सिंह,चुन्नू सिंह , वैभव कुमार,गौतम कुमार,सतीश कुमार राय,अजय कुमार ,नीरज कुमार ने विश्व पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी-अपनी वाणी से प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपना विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का संचालन पत्रकार संजीत कुमार ने किया । पत्रकार संध के अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने इस मौके पर कहा कि विश्व प्रेस स?वतंत्रता दिवस 3 मई को प्रति वर्ष मनाया जाता है। दुनिया में खबरें पहुंचाने का सबसे बेहतरीन माध्यम प्रेस है। विश्व भर में प्रेस की स्वतंत्रता रखने का मुख्य उद्देश्य सरकार के कार्यप्रणाली व जनता के समस्याओं व उनके अधिकारों के मह?त्व के प्रति जागरूकता फैलाना है।भारत में प्रेस की स्वतंत्रता भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में भारतीयों को दिए गए अभिव्यक्ति की आजादी के मूल अधिकार से सुनिश्चित होती है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आजादी दिलाने



में पत्रकारों के अहम भूमिका रही है।आजादी दिलाने के लिए जहां देश भक्तों ने एक और अंग्रेजों के विरुद्ध हथियारों का प्रयोग करते थे तो दूसरी तरफ पत्रकारों ने अपने कलाम की बदौलत अंग्रेजों को भारत छोड़ने को बाध्य कर दिया। राष्टपिता महात्मा गांधी भारत के प्रथम राष्टपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ,प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू,राजा राम मोहन राय ,अटल बिहारी वाजपेयी जैसे लोग कलम के सिपाही थे । वर्तमान परिस्थितियों की बात करें तो आजाद भारत के रहनुमाओं ने आजादी के 76 वर्ष के बाद भी पत्रकारों के दर्द एवं उनके आर्थिक स्थिति के मजबूती के लिए कोई सार्थक पहल नहीं की है जिसके कारण देश के अधिकांश पत्रकारों के स्थिति दयनीय है। ऐसे में भारत सरकार से मांग किया है कि पत्रकारों के सुरक्षा सुविधा और पत्रकारों के साथ जो अत्याचार हो रहा है उसे पर अंकुश लगाने की जरूरत है तभी यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों की स्वतंत्रता कलाम की होनी चाहिए तभी देश राज्य और समाज विकसित हो सकता है। पत्रकार अभय कुमार सिंह ने कहा कि मानवीय मूल्यों की रक्षा करना पत्रकारिता का धर्म है। वही पत्रकार संजीत कुमार ने कहा प्रेस किसी भी समाज का आईना होता है। प्रेस की आजादी से यह बात साबित होती है कि उस देश में अभिव्यक्ति की कितनी स्वतंत्रता है।भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। इस मौके पर समाजसेवी लाल बाबू पटेल ,भाजपा नेता मुकेश सिंह, रवि रंजन सिंह, विकास कुमार , हरेंद्र कुमार , शिक्षक राजू सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## एक यात्री के ट्रेन में छूट गए सामान को आरपीएफ ने किया सुपुर्द

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** ट्रेन में यात्रा के दौरान सामान की छुट जाने के बाद एक यात्री के समान को पुलिस ने खोजबीन करते हुए बरामद कर उसे लंबे अंतराल के बाद शुक्रवार के दिन उस यात्री के समान को रेल पुलिस ने सुपुर्त कर दी ।इस बात की जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गाड़ी संख्या 15909 के कोच संख्या ए 2 के बर्थ संख्या 01 पर यात्री का सामान छूट गया है जिसके पश्चात ऑन ड्यूटी आरपीएफ स्टाफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त गाड़ी से सामान को उतार कर रे सु बल पोस्ट सोनपुर ने सुरक्षित रखा । आरपीएफ पोस्ट सोनपुर में रेल यात्री रामबाबू राय पिता सकल राय ग्राम हुस्सेपुर थाना साहेबगंज जिला मुजफ्फरपुर ने शुक्रवार को आकर 16.03.24 को गाड़ी संख्या 15909 से उतारे गए सामान की मांग की ।जिसके पश्चात रेल मदद में दिए गए मोबाइल नंबर 8219099220 पर संपर्क कर शिकायतकर्ता से बात किया गया तो अपना नाम व पता इस प्रकार बताएं अभिषेक शर्मा पिता सोहनलाल ग्राम बटाहरी थाना फतेहपुर जिला कांगड़ा ।शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि दिनांक 15 .03. 24 को गाड़ी संख्या 15909 में न्यूतिनसुकिया से दिल्ली तक के लिए टिकट लिया था जिसका पीएनआर नंबर 6861658206 है उक्त गाड़ी के कोच संख्या 2 के बर्थ संख्या 01 पर यात्रा कर रहा था कि अचानक मेरी तबीयत खराब हो गया और मैं दलसिंहसराय स्टेशन मे उतर गया ।मेरा एक ब्लू कलर का सफाली ट्रॉली बैग, एक लाइट ग्रीन कलर का ट्रॉली बैग, एक ब्लैक कलर का पिट्ठू बैग, दो कार्टून जिसमें किचन का सामान,एक अदद डिस्क, व एक लाल कलर का कैरी बैग मेरा बर्थ पर छूट गया था उक्त सामान को मेरे चचेरे भाई रामबाबू राय को दे दिया जाए ।जिसके पश्चात शिकायतकर्ता के कहने पर उसके चचेरे भाई रामबाबू राय पता उपरोक्त को उचित पहचान पश्चात समक्ष गवाहों की उपस्थिति में सुपुर्दगीनामा बनाकर उपरोक्त सभी सामान को सही सलामत सुपुर्द किया ।

# जेपी यूनिवर्सिटी में शोध के विविध सोपान विषयक कार्यशाला प्रारंभ




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शोध का पहला सोपान ध्यानस्थ होना है। जबतक अन्य विषयों की जानकारी न हो तबतक शोध करना घने जंगलों में दौड़ लगाने के समान है। जेपी यूनिवर्सिटी में %शोध के विविध सोपान% विषयक कार्यशाला में बड़ी संख्या में उपस्थित शोधार्थियों को संबोधित करते हुए शुक्रवार को कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने उक्त बातें कहीं। कुलपति ने इस अवसर पर शोध के विभिन्न सोपानों पर चर्चा करते हुए शब्दों एवं वाक्यों के प्रयोग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कंटेक्स्चुअल अंडरस्टैंडिंग पर प्रकाश डाला। साथ ही दर्शनशास्त्र के न्याय, सिद्धांत आदि की चर्चा करते हुए शोधार्थियों को विचार-विर्मश व तर्क-वितर्क के लिए प्रेरित किया।इससे पहले कुलपति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। उसके बाद उपस्थित शोधार्थियों और अन्य छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में सरस्वती वंदना की। स्नातकोत्तर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता ने स्वागत उद्बोधन किया।दूसरे सत्र में संदर्भ लेखन के तरीकों पर स्नातकोत्तर उर्दू विभाग के प्रो. अरशद मसूद हाशमी ने प्रकाश डाला। उन्होंने शोध में संदर्भ की विविध विधियों की जानकारी दी। वहीं तृतीय सत्र में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. सुधा बाला ने शोधकार्य में नैतिकता पर प्रकाश डाला।

## रेलवे पुलिस ने ट्रेन से एक मृत अवस्था में एक वृद्ध को सोनपुर स्टेशन पर उतारा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 15048 डाउन के बोगी नंबर बी-9 के बर्थ संख्या 5 से 65 वर्षीय एक बृद्ध के शव को सोनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर शुक्रवार को उतारा गया । उक्त बात की जानकारी देती हुई आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार एवं रेल थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने यह भी बताया कि मृतक सत्यदेव सिंह के पुत्र पंकज कुमार सिंह ग्राम बकरा थाना रघुनाथपुर जिला सिवान ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर से अपने पिता के साथ पिता के इलाज के लिए कोलकाता जा रहा था । किडनी के ईलाज कलकत्ता में पहले से चल रहा था उनके पुनः ईलाज कराने के लिए कलकत्ता जा रहे थे इसी दौरान छपरा में अचानक उनके सांस लेने में कठिनाई हुई। जहां रेल से मदद के लिए मेडिकल की मांग किया गया। अचानक उनकी मौत हो गई । सोनपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद रेलवे डॉक्टर शालिनी जैन ने मृत घोषित कर दी । पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत मृतक के अंतिम संस्कार के लिए मृतक के पुत्र पंकज कुमार सिंह को सौंप दिया ।



## युवा ने खूद के प्रयास से लगवाएं तीन प्याऊ

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड के मिर्जापुर बाजार पर गर्मी को लेकर राहगीरों को प्यास से राहत देने के लिए एक युवा समाजसेवी ने तीन प्याऊ लगवाएं। तीनों प्याऊ पर सभी लोगों के लिए निशुल्क पीने का पानी उपलब्ध रहेगा। युवा समाजसेवी अफताब अली ने बताया सुबह के नौ बजे से शाम पांच बजे तक प्याऊ की सेवा जारी रहेगी। प्याऊ का उद्घाटन वीर भगत सिंह सेना के वीर आदित्य ने फीता काटकर किया। वीर आदित्य ने युवा अफताब अली के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी में पीने के पानी की जरूरत सभी को पड़ती है। यह सामाजिक दृष्टिकोण से एक अच्छा प्रयास है इससे बाजार आने वाले लोग और राहगीरों को राहत मिलेगी?। इस दौरान शौकत अली, कलाम मंसूरी, विनोद सोनी, बिगन कुमार, तूफैद अली, अजीत भगत, जयपाल राय, मोहन, विश्वकर्मा, सलमान अली, शकील अली, डॉ सागर इदरीसी सहित अन्य उपस्थित थे।



## सोनपुर थाना के दारोगा जुल्फिकार आलम के सेवानिवृत्त होने पर थाना से दी गयी भावभीनी विदाई

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर थाना में पदस्थापित दारोगा जुल्फिकार आलम के सेवानिवृत्त होने के बाद पुलिस पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त दारोगा जुल्फिकार को अंग बस्त्र व फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर थानाध्यक्ष राजनंदन ने कहा कि आज पुलिसिंग दिन पर दिन चेंज होते जा रहा है और हर दिन नई चुनौतियां का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सेवानिवृत एसआई जुल्फिकार आलम अपने करीब 40 वर्ष के पुलिस सेवा में शानदार कार्य करते हुए बेदाग होकर मंगलवार को रिटायर हो गए । इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। इन्हें जो भी जिम्मेवारी दी गई, उसे पूरी ईमानदारी से निर्वाहन किया । इस विदाई समारोह मैं थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

# मढ़ौरा में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत

## प्रशासनिक मिलीभगत की वजह से अवैध संचालकों पर नहीं होती हैं कार्रवाई



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** नगर क्षेत्र में संचालित एक नर्सिंग होम में एक प्रसूता की मौत हो गई। महिला की मौत होते ही अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम की फर्जी महिला चिकित्सक मृतक के परिजनों को उलझाकर अन्य कमरों में ताला लगाकर फरार हो गई। इस दौरान कर्मी नर्सिंग होम और चिकित्सक का बोड बैनर भी मौके से हटा दी। नर्सिंग होम का नाम एल.बी. स्वास्थ अरोग्य निकेतन और महिला चिकित्सक का नाम डा अभिलाषा बताया गया है?। घटना शुक्रवार की सुबह आठ बजे के करीब की है?, तब से दो बजे दिन तक मृतका का शव अस्पताल के एक कमरे में पड़ा हुआ था। इस बीच सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन तब तक अस्पताल की चिकित्सक व कर्मी मौके से फरार होने में सफल हो गए थे। मृतका ओल्हनपुर निवासी प्रमोद साह की 22 वर्षीय पत्नी चंदा कुमारी बताई गई है । मिली जानकारी के अनुसार चंदा कुमारी को उसके परिजनों ने प्रसव वेदना में गुरुवार की संध्या भर्ती कराया था। शुक्रवार की सुबह महिला का समान्य प्रसव कराया गया। महिला ने एक लड़की को जन्म दिया लेकिन प्रसव के तुरंत बाद ही महिला की हालत बिगड़ने लगी। कुछ घंटे बाद ही महिला की मौत हो गई।

**सरकारी अस्पताल से प्रसूता हुई थी रेफरः** मिली जानकारी के अनुसार प्रसव पीड़िता चंदा देवी को मढ़ौरा सरकारी असताल में भर्ती कराया गया था। महिला को परेशानी होने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कृष्ण चंद ने जांच की थी। महिला में खून की कमी थी और गर्भस्थ बच्चें का मूवमेंट कम मिल रहा था, तब डा. कृष्ण चंद्र ने बेहतर इलाज के लिए गुरूवार की शाम सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया था। अब रेफर करने के बाद मरीज सदर अस्पताल जाने के बदले मढ़ौरा के एक नीजी नर्सिंग होम तक कैसे पहुंच गई यह गंभीर सवाल है। मामले में समाचार प्रेषण तक परिजनों के तरफ से प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी ।

### दो महीने पहले भी मढ़ौरा में प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा दोनों की हुई थी मौत

मढ़ौरा में प्रसूता की मौत की खबर नई नही है।? स्वास्थ विभाग की लापरवाही सें यहां कई अवैध नर्सिंग होम बिना वैध चिकित्सक के संचालित होते है। इसी साल बीते 9 फरवरी को नपं क्षेत्र के धेनुकी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में सर्जरी के बाद जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई थी। घटना के बाद चिकित्सक मृत महिला को एक एम्बुलेंस में लाद खूद सभी स्टाप के साथ क्लीनिक बंद कर फरार हो गया था। मामले में मृतक के परिजनों ने धेनुकी स्थित मां अम्बे हेल्थ केयर व प्रसव केन्द्र के चिकित्सक डा.अनुज कुमार व अन्य पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मृतका अमनौर धर्मपुर जाफर निवासी मनोज कुमार राम की 26 वर्षीय पत्नी रेणू कुमारी बताई गई थी।

# नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ेंगे जेपी यूनिवर्सिटी के छात्र : कुलपति

## नंदलाल सिंह महाविद्यालय का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय और क्षेत्रान्तर्गत माहाविद्यालयों के सभी छात्र-छात्राओं को 15 दिनों के अंदर नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से जोड़ दिया जाएगा। इससे जयप्रकाश विश्वविद्यालय के छात्र देश के बड़े-बड़े पुस्तकालयों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ जाएंगे और वहां उपलब्ध पुस्तकों का वर्चुअल अध्ययन कर सकेंगे। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने शुक्रवार को नंदलाल सिंह कॉलेज, दाउदपुर के औचक निरीक्षण के दौरान यह घोषणा की। कुलपति ने महाविद्यालय में घूम-घूमकर वहां के संसाधनों और आधारभूत संरचना का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नंदलाल सिंह महाविद्यालय में काफी संसाधन और आधारभूत संरचना है जिसका लाभ नैक मूल्यांकन के दौरान कॉलेज को होगा। उन्होंने कहा कि यहां इतने संसाधन उपलब्ध हैं जिनकी बदौलत महाविद्यालय को नैक से ग्रेड %ए% का मूल्यांकन प्राप्त हो सकता है।

नंदलाल सिंह कॉलेज में 13 वर्गकक्ष, 4 बड़े हॉल तथा 9 छोटे-छोटे हॉल उपलब्ध हैं। साथ ही आम के बड़े-बड़े फलदार वृक्ष भी हैं। कुलपति महोदय ने निर्देश दिया कि यहां फूड प्रोसेसिंग से संबंधित पाठ्यक्रम चलाए जाएं तथा इससे संबंधित अन्य लाभकारी कार्य किए जाएं। महाविद्यालय में प्राचार्य सहित 14 प्राध्यापक तथा 7 अतिथि प्राध्यापक हैं। कुलपति ने कहा कि छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए तथा जिन महाविद्यालयों में संसाधन उपलब्ध हों ऐसे माहाविद्यालयों में प्रोफेशनल कोर्स प्रारंभ किए जाने चाहिए।इससे पहले कुलपति नंदलाल सिंह कॉलेज के वर्गकक्षों, पुस्तकालय और प्रयोगशाला का निरीक्षण किए ।उन्होंने प्रयोगशाला और पुस्तकालय को और सुदृढ करने तथा कक्षाओं में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश प्राचार्य डॉ केपी श्रीवास्तव को दिया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद और विश्वविद्यालय के इंजीनियर प्रमोद कुमार सिंह भी उपस्थित थे।




## पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में नए सत्र में हुआ छात्रों का विद्या प्रवेश

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक के कक्षा एक के नव नामांकित बच्चों के लिए विद्या प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन 3 मई को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा दूसरी के बच्चों द्वारा नए बच्चों को तिलक लगाकर की गई। इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना झा और नवागंतुक अभिभावकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसके बाद प्राचार्या श्रीमती रंजना झा के द्वारा बच्चों की शिक्षा में अभिभावक की भूमिका, विद्यालय में अनुशासन का महत्व, विद्या प्रवेश, साफ-सफाई आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्राथमिक संभाग के वरिष्ठ शिक्षक श्री अनिल कुमार शाह के द्वारा निपुण भारत तथा मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता विषय को अभिभावक गण के सामने प्रस्तुत किया गया । इसी क्रम में प्राथमिक विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका कुमारी सुकृति के द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य तथा शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई। कार्यक्रम में आए हुए अभिभावकों ने अपने विचार प्रस्तुत किये तथा नवांगतुक विद्यार्थियों ने अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम को समापन की ओर ले जाते हुए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना झा के द्वारा विद्यार्थियों को विद्यालय से अवगत कराते हुए भेंट स्वरूप पेंसिल, रबर तथा फल वितरित किए गए। अंत में बच्चों तथा अभिभावकों ने सेल्फी प्वाइंट के पास जाकर फोटो खिंचवाया तथा नए विद्यालय को लेकर वे सब खुश नजर आए। कार्यक्रम में अनिल कुमार शाह, श्रीमती कुमारी सुकृति, शैलजा सिंह, सुश्री उन्नति, जिमी चौधरी, रितेश कुमार इत्यादि शिक्षकों ने अपना योगदान दिया।



## तरैया में राजद कार्यालय पर इंडिया गठबंधन के घटक दलों के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के शाहनेवाजपुर गांव स्थित राजद कार्यालय पर शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के सभी घटक दलों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर राय ने किया। इस दौरान इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं ने आपस में समन्वय स्थापित कर लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई एवं विचार विमर्श किया साथ ही इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह के नामांकन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल करने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गई। राजद प्रखण्ड अध्यक्ष तारकेश्वर राय ने बताया कि इंडिया गठबंधन के वरीय नेताओं द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में देश में आगोशित आपातकाल, बेतहासा बढ़ती महंगाई- बेरोजगारी, और जनहित मुद्दों पर आम जनता को बताने एवं महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों से अपील की जा रही हैं। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, राजद जिला महासचिव अखिलेश यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष ललन प्रसाद यादव, रवि राय भिखारी है मुखिया प्रतिनिधि वीर बहादुर राय, हरेंद्र सहनी, पूर्व मुखिया मो. आजाद उर्फ टनटन, पंचूलाल राय, संतोष यादव, समेत इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## नगर पंचायत मशरक के चल योजनाओं में भारी लूट का आरोप, जांच की मांग



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नगर पंचायत के द्वारा की जा रही विकास की योजनाओं में भारी धांधली की शिकायत पर जय बिहार फाउंडेशन के संजय सिंह, महेश्वर सिंह और सुरेंद्र सिंह समेत अन्य ने जांच की मांग की। वहीं जय बिहार फाउंडेशन के सदस्यों ने हनुमानगंज समेत अन्य इलाकों में चल रही योजनाओं का जायजा लिया। मौके पर महावीर चौंक पर मीडिया को बताया कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में अलग-अलग योजनाओं के तहत सड़क,नाला, लाइट समेत अन्य कार्य कराया जा हैं सभी कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है। नगर पंचायत की ओर से कार्य को टेंडर में न लाकर मनमाने तरीके से विभागीय कार्य शुभचितकों और वार्ड पार्षदों को देने, आउट सोर्सिंग कर्मचारियों में रिश्तेदारों की भर्ती व सफाई व्यवस्था में जबरदस्त धांधली की जा रही है वहीं शिकायत करने पर कोई भी सुधार नहीं हो पा रहा है।जय बिहार फाउंडेशन ने अभिलंब योजनाओं की जांच कर सुधार कर कारवाई की मांग की हैं। नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों ने बताया कि योजनाओं में गड़बड़ी की लिखित शिकायत ग्रामीणों के कार्यालय में दर्ज कराई गई है जिस पर जल्द ही जांच पड़ताल की जाएंगी। वहीं कुछ सड़कों और नाला निर्माण के भुगतान पर रोक लगाई गयी हैं।

## एक देसी शराब भट्ठी को सोनपुर पुलिस ने किया ध्वस्त

**सोनपुर ।** सोनपुर थाना क्षेत्र के शिकारपुर खड़िया डीह दियारा क्षेत्र में पुलिस ने छापामारी कर एक देसी शराब भट्ठी को ध्वस्त करते हुए मौके पर 80 लीटर देसी शराब को बरामद करते हुए अर्धनिर्मित 2 हजार लीटर शराब एवं बनाने वाले उपकरण को विनिस्ट किया है। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने यह भी शुक्रवार को बताया कि 80 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए एक शराब भट्ठी व 2 हजार लीटर अर्ध निर्मित देसी शराब को विनिस्ट किया गया है। इस छापामारी में पुलिस के देखते ही शराब धंधेबाज भागने में सफल रहा । जिन शराब भट्ठी के ध्वस्त किया गया है उस शराब भट्ठी के निर्माणकर्ता को चिन्हित किया जा रहा है और उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

## अलग अलग जगहो पर आपसी विवाद को लेकर मारपीट में आधा दर्जन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सिऊरी और तख्त टोला गांव में आपसी विवाद में जमकर मारपीट में 8 महिला पुरूष घायल हो गए। सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया। सिउरी गांव से घायलों में 60 वर्षीय सिपाही महतो, 30 वर्षीय राजेन्द्र महतो,55 वर्षीय आशा देवी, 25 वर्षीय रौशनी कुमारी, 50 वर्षीय बाबूलाल महतो,30 वर्षीय मजेंद्र महतो और 35 वर्षीय मुनी देवी शामिल है। वहीं तख्त टोला गांव में पड़ोसी के द्वारा शराब के नशे में गाली ग्लौज करने पर उसका विरोध करने पर मारपीट कर तख्त टोला गांव निवासी शिव रातों कुंवर पति स्व बदरी राम को घायल कर दिया। मौके पर पहुंची इमरजेंसी 112 टीम ने मारपीट में आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## अग्निकांड पीड़ित नौ परिवारों को सीओ ने सौंपा मुवाअजा चेक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के छपिया मुसहर टोली गांव में 9 अग्निकांड पीड़ितों को सीओ सुमंत कुमार ने बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से मुवाअजा का चेक सौंपा। मौके पर शिक्षक संतोष सिंह, अंचल नाजिर मिथलेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहें। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि अंचल क्षेत्र के छपिया मुसहर टोली गांव में चूल्हे की चिंगारी से आग लगने से 9 लोगों का मकान जल गया था जिसमें सभी पीड़ित परिवार को 12 -12 हजार रुपए का चेक मुवाअजा के रूप में दिया गया। वहीं पहले तिरपाल और खाने का सामान दिया गया है।



## खैरा मध्य विद्यालय पर मध्यान भोजन में नहीं दिए जाते अंडे, स्कूल के अध्यक्ष ने जताया विरोध



**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड के खैरा मध्य विद्यालय पर मध्यान भोजन में काफी अनियमितता बरती जा रही है इस बात की जानकारी होने पर स्कूल के अध्यक्ष, सचिव एवं कुछ अभिभको को के द्वारा शुक्रवार को अंडा नहीं दिए जाने की जानकारी मिलने पर उन्होंने जाकर स्कूल पर प्रधानाध्यापक से इसका विरोध जताया और प्रधानाध्यापक से पूछने पर उन्होंने कहा कि सप्लायर संजीव कुमार अंडे नहीं दे रहे हैं जिसके चलते बच्चों को अंडे नहीं मिल रहे हैं। लेकिन विरोध तक फल की भी व्यवस्था नहीं हुई थी विरोध किए जाने के बाद बच्चों को प्रधानाध्यापक के द्वारा व्यवस्था करके एक-एक के केला प्रदान किया गया। जिससे अभिभावकों में रोस व्याप्त है।उनलोगो का खाना था कि एक अंडे की कीमत 5 रू है जबकि एक केले की कीमत 1 रू है।खाना की गुणवत्ता सही नहीं है इस पर जब आरोप लगाते हुए अभिभावकों के द्वारा पूछा गया कि क्या आप भोजन को चखते हैं तो इस पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि नहीं मैं भोजन को नहीं चखता हूं क्योंकि मुझको शुगर है, चावल खाना माना है।इस बाबत स्कूल के अध्यक्ष फिरोज अली ने कहा कि एक महीना से बच्चों को अंडा नहीं दिया जा रहा है आज कुछ शिक्षकों के शिकायत पर मैं स्कूल पहुंचा तो आज भी अंडे नहीं दिए गए थे। मैं जब इस बात को प्रिंसिपल से पूछा तो उन्होंने कहा कि अंडा का सप्लाई सप्लायर नहीं दिया है फिर उनके ऊपर काफी दबाव बनाया गया तो वह बच्चे को एक-एक केला दिए। दबाव बनाने से पहले तक मात्र चावल, दाल और सब्जी दिया जा रहा था।

**क्या कहते हैं प्रधानाध्यापकः** इस बाबत प्रधानाध्यापक नुरुल होदा ने कहा कि सप्लायर के द्वारा अंडा का सप्लाई नहीं किया जा रहा है बच्चों को इसके बदले में फल दिए जा रहे हैं।

मौके पर स्कूल के अध्यक्ष फिरोज अली,सचिव राघवेंद्र सिंह, राकेश कुमार,महम्मद जिलानी,सोनू आलम,अरुण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# 1008 रुद्र महायज्ञ मे ज्ञान व भक्ति के सांथ भरपूर मनोरंजन की व्यवस्था



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गडखा प्रखंड के कोठियां-नरांव स्थित नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर व काली मन्दिर परिसर मे चल रहे ग्यारह दिवसीय यज्ञ मे भक्ति के सांथ श्रद्धालुओ की दुर्लभ रहस्य व ज्ञान की प्राप्ति हो रही है। गुरुवार को प्रातः काल से हीं यज्ञ मंडप का परिक्रमा करने व महादेव नर्मदेश्वर को जलाभिषेक करने प्रातः काल ब्रम्ह वेला में पहुंचने लगे। श्रद्धालुओ ने यज्ञ मंडप का परिक्रमा कर नर्मदेश्वरमहादेवव काली मन्दिर के अलावे राम जानकी की मूर्ति,शिव मूर्ति आदि की पूजा अर्चना की और अपनी बात भगवान के समक्ष रख आशीर्वाद प्राप्तकिए।निर्मदेश्वर महादेव यज्ञ समिति द्वारा यज्ञ के सांथ अन्य जन कल्याण कारीकार्य व परमार्थ कार्य जारी है।श्रद्धालुओ व मेला घुमने वाले भक्तों के लिए सूर्यनारायण मन्दिर सेवा समिति सदस्यों द्वारा शीतल जल प्याऊ सेवा केन्द्र का चौबीसों घंटे नियमित सेवा दिया जा रहा है। सूर्यनारायण मंदिरके शिविर मे हीं नर्मदेश्वर महादेव का प्रसाद भीं जल शिविर सेवा समिति के तरफ से वितरित किया जा रहा है।स।ईसके अलावे दूर दराज से आने वाले भक्तों के लिए नियमित भंडारा का प्रबंध किया गया है।किसी हादसा या दुर्घटना से निपटते हुए प्राथमिक उपचार हेतु निःशुल्क चिकित्सा शिविर भीं सूर्यनारायण मंदिर के सौजन्य से लगवाया गया है।

## कल्याण मार्ग पर चलने वालो के लिए समाज विरोधी भीं हो तो प्रभु का सदैव सहारा मिलता है धर्मेन्द्र शास्त्री अयोध्या

छठे दिन संध्याकाल प्रवचन मंच से बोलते हुए आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री नेकहा कि मनुष्य को सदैव कल्याणकारी मार्ग का हीं चयन करना चाहिए। अनैतिक मार्ग पर चलनेंवालो व व्यभिचारी तथा पापिओ को कहीं सहारा नहीं मिलता सबसे पहले वह परमात्मा के नजरों मे गिर जाता है।अतः अपने दिनचर्या की शुरुआत परोपकार व जन कल्याण से हीं आरंभ करें।महार के अमृतमय वाणी व झांकी का भक्तों ने भरपुर लाभ उठाया।राधाकृष्ण के की आरती व भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी देखकर सभीं भक्त पण्डाल मे खरे होकर बाल कृष्ण के चरण छूने को लागत दिखे। ईसके पूर्व मंच का उद्घाटन ग्राम पंचायत राज डुमरी के मुखिया अंजू देवी ने दीप प्रज्वलित कर की।उनके सांथ ग्राम पंचायत राज मुसेपुर के पैक्स अध्यक्ष अनील कुमार सिंह पुर्व मुखिया मुन्ना कुमार नरांव पंचायत के उपरघुवर पाण्डेय आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित थै।

# आगामी 06 जुलाई से श्री नारद बाबा के आश्रम पर सहस्त्रचण्डी महायज्ञ का होगा आयोजन

### महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर समिति का हुआ गठन



**दैनिक खोज खबर/तरैया, (सारण)।** प्रखंड के नारायणी नदी के तट पर स्थित संत शिरोमणि श्री नारद बाबा के आश्रम जिमदहा में नवनिर्मित श्री मां दुर्गा भगवती की भव्य मंदिर बनकर तैयार हैं। मां दुर्गा भगवती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 6 जुलाई से 15 जुलाई तक यज्ञाध्यक्ष एवं यज्ञ संरक्षक संत शिरोमणि श्री नारद बाबा जी महाराज के नेतृत्व में नवदिवसीय श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को समिति का गठन किया गया एवं समिति में शामिल सदस्यों को यज्ञ के सफल आयोजन के लिए जिम्मेवारिया दी गई। इस यज्ञ में यज्ञाचार्य श्री बुद्धि सागर मिश्र जी वाराणसी काशी के द्वारा विधिवत यज्ञ का पूजा-पाठ एवं हवन संपन्न कराई जाएगी। श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ को लेकर संत शिरोमणि श्री नारद बाबा जी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म में पूजा-पाठ, उपवास और धार्मिक अनुष्ठान का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि धार्मिक अनुष्ठान करते समय देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में चल रही कई तरह की बाधाएं खत्म हो जाती हैं। हिंदू धर्म में अलग-अलग प्रयोजनों के लिए विशेष पूजा-पाठ की जाती है। श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ हर कोई ब्राह्मण या आचार्य नहीं कर सकता हैं। इसके लिए दुर्गा सप्तशती का पाठ करने वाले व मां दुर्गा के अनन्य भक्त जो पूरे नियम का पालन करता हो ऐसा कोई विद्वान एवं परंपरागत आचार्य ही श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ का विधिवत पाठ व पूजा करते है। इस यज्ञ में छपरा, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, वैशाली, मोतिहारी, चम्पारण, आरा, पटना समेत अन्य जिलों के श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पंकज बाबा, जिला पार्षद हरिशंकर सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, पैक्स अध्यक्ष प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, समाजसेवी ओम प्रकाश सिंह, देव कुमार सिंह, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, मंटू सिंह, मीडिया प्रभारी रंजन श्रीवास्तव, नीरज सिंह, कपूर सिंह, छोटू जी, ओमप्रकाश जी, भुनेश्वर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## छपरा के आईटीआई संचालक की गोली मारकर हत्या

**छपरा।** शुक्रवार की सुबह छपरा में आईटीआई संचालक की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना भगवान बाजार थाना क्षेत्र के लह्लू मोड़ के पास की बताई जा रही है। मृतक की पहचान आईटीआई संचालक 40 वर्षीय ओमप्रकाश श्रीवास्तव के रूप में हुई है। घटना सुबह छह बजे के आसपास की बताई जा रही है। बताया जाता है की आईटीआई संचालक ओमप्रकाश श्रीवास्तव अपने दरवाजे पर टहल रहे थे, तभी बाइक सवार अपराधियो ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके पीठ में लगी और उसके बाद उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची भगवान बाजार की पुलिस ने घटनास्थल की जांच की, साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। ताकि अपराधियो की पहचान की जा सके और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और इस घटना के संबंध मे प्राथमिकी दर्ज कर संलिप्त अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## शुक्रवार को सारण से एक व महाराजगंज लोस से तीन प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शुक्रवार को 20-सारण लोकसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी गजेंद्र प्रसाद चौरसिया- जनहित किसान पार्टी से हैं। जबकि 19-महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी ( 1 ) राज कुमार महतो- भारतीय सार्थक पार्टी,( 2 ) मोनू कुमार सिंह-गण सुरक्षा पार्टी एवं ( 3 ) योगेन्द्र कुमार ठाकुर - अपना किसान पार्टी से हैं।



# योगियां और घुरापाली हाईस्कूल के छात्र -शिक्षक गीत गाकर मतदान बढ़ाने की कर रहे अपील

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** मतदाताओं से वोट बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग के साथ बिहार सरकार के शिक्षक छात्र भी आगे आ रहे हैं।इसी कड़ी में एक वीडियो, सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें रसूलपुर थाना क्षेत्र के रामनंदन हाईस्कूल योगियां व केडी हाईस्कूल घुरापाली के संगीत शिक्षकों व छात्राओं ने मिलकर सारण का प्रसिद्ध बटोहिया गीत की थीम पर आधारित मतदाता जागरुकता गीत प्रस्तुत किया है।केडी हाईस्कूल के संगीत शिक्षक व जाने माने तबलावादक अजय पांडेय के निर्देशन में गीत को तैयार किया गया है।प्रधानाचार्य लालबाबू यादव के नेतृत्व में शिक्षक व लोकगायक रामेश्वर गोप, संगीत शिक्षिका अर्चना मिश्रा व राजेश प्रसाद ,शिक्षिका कामिनी,नेहा,सुनैना व स्कूल की छात्राओं ने मिलकर गायन किया है।गीत के बोल चाहे पड़े केतनो गरमी ...वोट देबे जईह तू जरूर ए मतदाता भैया को गायक गोप ने खुद लिखा है।प्रधानाचार्य ने बताया कि मतदाता जागरुकता गायन में शिक्षक आसिफ इकबाल, प्रिंस,राकेश तिवारी ,उमेश पांडेय, कर्पुरी,अतूल कुमार ,रात्रि प्रहरी शिवकुमार,विकास लेखपाल दिनेश दूबे ने अहम भूमिका निभाई और कलाकारों की हौंसलाअफजाई की।

# अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा की सारण जिला कमिटी पुनर्गठित

### छठी लाल प्रसाद को जिलाध्यक्ष का दूसरी बार भी मिला पद



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा छपरा सारण के गांधी चौक स्थित कार्यालय में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य जिरादेई सिवान निवासी सुकेश प्रसाद की उपस्थिति में आम सभा हुई । जिसमे सर्वसम्मति से सारण जिला रौनियार वैश्य महासभा के नया कमिटी का गठन और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमे दूसरी बार जिला अध्यक्ष के पद पर छठी लाल प्रसाद को सर्व सम्मति से चुना गया। वही जिला महा सचिव मुकेश कुमार गुप्ता , उपाध्यक्ष, पिंटू कुमार, दिलीप गुप्ता शिक्षक,मनोज गुप्ता, उपसचिव, शिवनाथ उर्फ व्यास जी, अजय गुप्ता, संजय गुप्ता, आनंद जी, लड्डू जी, जिला संयोजक मधु कुमार,उप संयोजक सुनील कुमार उर्फ दीपू, संगठन मंत्री शिलानाथ गुप्ता,संजय कुमार उर्फ भरत जी, कोषाध्यक्ष शम्भू गुप्ता, कार्यकारणी सदस्य मुन्ना गुप्ता, मनोज कुमार, दीपू कुमार, कृष्ण प्रसाद, अरुण गुप्ता शिक्षक, मंटू कुमार, महेश प्रसाद, दिलीप प्रसाद को मनोनीत किया गयाद्य संरक्षण मंडली में बैधनाथ प्रसाद, अश्वनी गुप्ता, जगदीश प्रसाद, राजाराम प्रसाद को चुना गया।मीटिंग में सैकड़ों रौनियार समाज के लोग मौजूद रहे।

## सर्पदंश से वार्ड सदस्य के भतीजा की मौत, कोहराम

### निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी ने मृतक के परिजन से दूरभाष पर बात कर दी सांत्वना

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** परसा थाना क्षेत्र के माड़र पंचायत स्थित चकसहबाज गांव में शुक्रवार की दोपहर सर्पदंश से एक किशोर की मौत हो गयी। मृतक माड़र चकसहबाज गांव निवासी सुरेश मांझी का 12 वर्षीय पुत्र दीपू कुमार बताया जाता है।मृत युवक के चाचा वार्ड पार्षद लखेन्द्र मांझी ने बताया कि सब्जी के खेत में पटवन करवाने के युवक को विषैले सांप ने दंश लिया।युवक को परिजनों द्वारा उपचार हेतु मुजफ्फरपुर सर्पदंश केंद्र में चिकित्सक ने उसे जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया।और आपदा के तहत सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिलाया।वही निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी से दूरभाष पर बात करवाया।सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी घटना की जानकारी ली और परिजनों को सान्त्वना दी।मृतक अपने चार भाइयों में माँझील था।मृतक के पिता गांव पर ही खेती करते हैं।मृतक के परिवार में मां तेतरी देवी,दादा बली मांझी,दादी चंद्रावती देवी,तीन भाई नितेश,सुखबीर व कुंदन,चाचा वार्ड पार्षद लखिन्द्र मांझी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।आसपास के लोग ढांढस बंधाने में लगे थे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, दो रेफर

### कटेया थाना क्षेत्र के भठवां गांव के समीप हुआ हादसा

**दैनिक खोज खबर/पंचदेवरी(गोपालगंज)।** कटेया थाना क्षेत्र के भठवां गांव के समीप भोरे-पंचदेवरी मुख्यमार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल हो गये. इनमें से लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया है. वहीं, एक बच्ची समेत दो लोग खतरे से बाहर हैं. घायलों में कटेया थाने के ही रूपीबगही गांव निवासी उमेश सिंह, मनोज, रिमझिम कुमारी व नेहरुआ गांव के रामा राम शामिल हैं. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उमेश सिंह व मनोज सिंह रिमझिम कुमारी को लेकर बाइक से रूपीबगही से पंचदेवरी की ओर जा रहे थे. रामा राम बाइक से पंचदेवरी से अपने गांव नेहरुआ जा रहे थे. इसी बीच भठवां गांव के समीप दोनों बाइकें आमने-सामने टकरा गयीं. टक्कर इतनी जोरदार हुई कि बाइक सवार चारों लोग सड़क पर गिर पड़े. घटना के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी. आस-पास के लोगों ने चारों को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उमेश सिंह व मनोज सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया. इधर, घटना की सूचना मिलने पर पंचदेवरी पिकेट प्रभारी गीता बिहारी ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच की.

## लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 636 लोगों पर धारा 107 की कार्रवाई

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** लोकसभा चुनाव को लेकर परसा पुलिस ने शांतिपूर्ण मतदान और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर 636 लोगों पर धारा 107 के तहत कार्रवाई की है। वहीं, 01 लोगों पर सीसीए लगाया गया है। इन बातों की जानकारी परसा थानाध्यक्ष सुनील कुमार देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगते ही फरारी और वारंटी लोगों को जेल भेजा जा रहा है।उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण वातावरण में निष्पक्ष चुनाव होगा।इसके लिए पुलिस की ओर से पूरी सख्ती बरती जा रही है।क्षेत्र में लगातार फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है।वारंटी के ऊपर लगातार छापेमारी की जा रही है तो वहीं शराब कारोबारी पर नकेल कसने के लिए लगातार छापेमारी के साथ गश्त तेज कर दी गई है।


